श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 154, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित


नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 9 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# केंद्र व किसानों के बीच आठवें दौर में भी नहीं बनी सहमति

**नए कृषि कानूनों को लेकर विज्ञान भवन में आज केंद्र सरकार और किसान नेताओं के बीच आठवें दौर की वार्ता खत्म हो गई है। माना जा रहा है कि अब अगली बैठक अब 15 जनवरी के बाद होगी।**

## 15 जनवरी को फिर होगी अगली बैठक








**नई दिल्ली, जेएनएन।** नए कृषि कानूनों को लेकर विज्ञान भवन में केंद्र सरकार औ किसान नेताओं के बीच आठवें दौर की वार्ता खत्म हो गई है। यहां केंद्र सरकार की ओर कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल मौजूद रहे। बैठक से ठीक पहले दोनों ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। वहीं, आज किसान और सरकार के बीच बैठक खत्म होने के बाद अगली बैठक अब 15 जनवरी के बाद होगी। वहीं, दिल्ली बॉर्डर पर किसान का विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को 44 वें दिन भी जारी है। कृषि मंत्री ने आज की वार्ता में समाधान निकलने की उम्मीद जताई थी।

बता दें कि प्रदर्शनकारी किसान अभी भी अपने जिद पर अड़े हैं। केंद्र से वार्ता से पहले गुरुवार को उन्होंने दिल्ली बॉर्डर पर ट्रैक्टर मार्च निकाला और अपनी मांगों के माने जाने तक प्रदर्शन जारी रखने की बात कही। केंद्र ने कहा कि वह कानून वापस लेने के अलावा किसी भी प्रस्ताव पर विचार करने के लिए तैयार है। माना जा रहा है कि विज्ञान भवन में होने वाली इस वार्ता के दौरान किसानों के समक्ष सरकार नया फामूर्ला पेश कर सकती है। कानूनों की समीक्षा के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन हो सकता है। इसके अलावा कानूनों पर एतराज जताने वाले राज्यों को कुछ शर्तों के साथ रियायत देने पर विचार किया जा सकता है। इसमें राज्यों की भूमिका के साथ कुछ शर्तें भी जोड़ी जा सकती है।

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और सोम प्रकाश के साथ, किसान यूनियन के नेताओं के साथ सरकार की वार्ता की अगुआई कर रहे हैं। आज आयोजित होने वाली वार्ता काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि चार जनवरी को हुई पिछली बातचीत बेनतीजा रही थी। 30 दिसंबर को छठे दौर की वार्ता में थोड़ी सफल रही थी। इस दौरान सरकार ने आंदोलनकारी किसानों की दो मांगों को मान लिया था। इसके अलावा अन्य दौरों की बातचीत बेनतीजा रही है।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि किसानों के साथ पहले कि वार्ता में किसान यूनियन के नेताओं का विषय था कि हम इसमें सुधार चाहते हैं। सरकार सुधार के लिए तैयार है। मुझे विश्वास है कि आज की वार्ता में वे इस बात को समझेंगे। किसान यूनियन के नेता सोचकर आएंगे कि समाधान करना है तो समाधान अवश्य होगा।बुधवार को उन्होंने कहा था कि राजनीति के लिए कम्युनिस्ट आग में घी डाल रहे हैं। वो देश में शांति नहीं चाहते। साथ उन्होंने किसानों से शांति बनाए रखने की अपील की थी।

किसान संगठनों से चल रही बातचीत उन्हें नए कृषि कानूनों के फायदे बताने का अवसर है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को यह बात कही।ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स के 74वें स्थापना दिवस पर खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि किसी भी चीज को देखने का अलग-अलग नजरिया होता है। उदाहरण के तौर पर किसान संगठनों के साथ बातचीत को समस्या या अवसर किसी भी रूप में देखा जा सकता है।

गोयल ने कहा, 'कोई अच्छा काम आसान नहीं होता। मुश्किलें हमेशा आएंगी। हर काम में समस्या आती है, लेकिन सब कुछ इस पर निर्भर करता है कि हम चीजों को कैसे देखते हैं और उनसे किस तरीके से निपटते हैं। सबकुछ नजरिये पर निर्भर है। किसान संगठनों के साथ बातचीत को मैं ऐसा अवसर मानता हूं जिसमें किसानों, पूरे देश को इन कानूनों के फायदे के बारे में बताया जा सकता है।

# यूपी में किरायेदारी कानून को योगी कैबिनेट की मंजूरी

## अब सालाना सात फीसद ही बढ़ा सकेंगे किराया



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश में अब अनुबंध के बगैर किराये का मकान नहीं मिलेगा। योगी सरकार ने मकान मालिक और किरायेदारों के बीच विवाद कम करने के लिए उत्तर प्रदेश नगरीय किरायेदारी विनियमन अध्यादेश-2021 बनाया है। इसे योगी कैबिनेट ने शुक्रवार को मंजूरी दे दी।

किरायेदारी अध्यादेश में अनुबंध के आधार पर ही किराये पर मकान देने का प्रवधान है। विवादों का निस्तारण रेंट अथारिटी एवं रेंट ट्रिब्यूनल करेंगे। ट्रिब्यूनल को अधिकतम 60 दिनों में मामले का निस्तारण करना होगा। मकान मालिक किराये में मनमानी बढ़ोतरी भी नहीं कर सकेंगे। सालाना पांच से सात फीसद ही किराया बढ़ाया जा सकेगा।

**कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी :** दरअसल, उत्तर प्रदेश में वर्तमान में उत्तर प्रदेश शहरी भवन (किराये पर देने, किराया तथा बेदखली विनियमन) अधिनियम-1972 लागू है। यह कानून काफी पुराना हो चुका है। प्रदेश में इस समय मकान मालिक व किरायेदारों के बीच विवाद बढ़ गए हैं। बड़ी संख्या में मामले अदालतों में चल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने केंद्र के मॉडल टेनेंसी एक्ट के आधार पर नया अध्यादेश तैयार किया है। इसे शुक्रवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दे दी गई।

### मनमाने तरीके से नहीं बढ़ा सकेंगे किराया

अध्यादेश में ऐसी व्यवस्था की गई है कि मकान मालिक मनमाने तरीके से किराया नहीं बढ़ा सकेंगे। इसमें जो व्यवस्था है उसके अनुसार आवासीय पर पांच फीसद और गैर आवासीय पर सात फीसद सालाना किराया बढ़ाया जा सकता है। किरायेदार को भी किराये वाले स्थान की देखभाल करनी होगी। दो महीने तक किराया न देने पर किरायेदार को मकान मालिक हटा सकेंगे। किरायेदार घर में बिना पूछे तोडफोड़ नहीं कर सकेंगे। पहले से रह रहे किराएदारों के साथ यदि अनुबंध नहीं है तो इसके लिए तीन महीने का समय दिया गया है।

### रेंट ट्रिब्यूनल करेंगे विवादों का निस्तारण

किराया बढ़ाने के विवाद पर रेंट ट्रिब्यूनल संशोधित किराया और किरायेदार द्वारा देय अन्य शुल्क का निर्धारित कर सकेंगे। सिक्योरिटी डिपाजिट के नाम पर मकान मालिक आवासीय परिसर के लिए दो महीने से अधिक एडवांस नहीं ले सकेंगे जबकि गैर आवासीय परिसरों के लिए छह माह का एडवांस लिया जा सकेगा।

### इन लागू नहीं होगा किरायेदारी कानून

केंद्र सरकार, राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश के उपक्रम में यह कानून लागू नहीं होगा। कंपनी, विश्वविद्यालय या कोई संगठन, सेवा अनुबंध के रूप में अपने कर्मचारियों को किराये पर कोई मकान देते हैं तो उन पर यह लागू नहीं होगा। धार्मिक, धार्मिक संस्थान, लोक न्याय अधिनियम के तहत पंजीकृत ट्रस्ट, वक्फ के स्वामित्व वाले परिसर पर भी किरायेदारी कानून प्रभावी नहीं होगा।

### अध्यादेश की खास बातें

(1) अनुबंध पत्र की शर्तों के अनुसार समय पर देना होगा किराया (2) मकान मालिक को देनी होगी किराए की रसीद (3) किराएदारी अनुबंध पत्र की मूलप्रति का एक सेट दोनों के पास रहेगा (4) किराएदार को परिसर की करनी होगी देखभाल (5) मकान मालिक किराएदार को अनुबंध अवधि में नहीं कर सकेंगे बेदखल (6) मकान मलिक को भी देनी होंगी जरूरी सेवाएं।

# 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी बची सीटों की होगी तीसरी काउंसिलिंग

**बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक स्कूलों के लिए 69000 शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। दो चरणों में 31277 व 36590 पदों का जिला आवंटन किया गया। दोनों चरणों की काउंसिलिंग कराकर नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। उनमें से बड़ी संख्या में पद रिक्त होने की सूचना है।**



**प्रयागराज [राज्य ब्यूरो]।** 69,000 शिक्षक भर्ती में नियुक्ति पाने की उम्मीद लगाए उन अभ्यर्थियों के लिए खुशखबरी है, जो अब तक काउंसिलिंग में शामिल नहीं हुए हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को अब अवसर मिलेगा। स्कूल शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद ने कहा है कि विभाग इस भर्ती में तीसरी काउंसिलिंग भी कराएगा। इसके लिए जिलों से रिक्त सीटों का ब्योरा लिया जाएगा, नियमानुसार प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इस भर्ती में पहले जिला आवंटन में ही अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के 1133 पद खाली रह गए थे।

बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक स्कूलों के लिए 69,000 शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। दो चरणों में 31,277 व 36,590 पदों का जिला आवंटन किया गया। दोनों चरणों की काउंसिलिंग कराकर नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। उनमें से बड़ी संख्या में पद रिक्त होने की सूचना है। इसका ब्योरा अभी जिलों से नहीं लिया गया है, क्योंकि त्रुटि सुधार व अवशेष शिक्षामित्र आदि के प्रकरण लंबित हैं।

बता दें कि परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय ने 69000 शिक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा का 12 मई को परिणाम घोषित किया था। उसमें 1,46,060 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए थे। इसमें 1,36,621 ने आवेदन किया, जबकि 9439 अभ्यर्थी आवेदन से दूर रहे। 69000 पदों के लिए आवेदकों के गुणांक, भारांक, जिला वरीयता को देखते हुए जिले में उपलब्ध पद के आधार पर वर्ग व श्रेणीवार जिला आवंटन एक जून को किया गया था। उस समय 67,867 अभ्यर्थियों को जिला आवंटित हुआ था, वहीं एसटी वर्ग के 1,113 सीटें अभ्यर्थी न होने से खाली रह गई थी।

दो दिनों के दौरे पर शुक्रवार को प्रयागराज पहुंचे स्कूल शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद ने कहा कि सरकारी परिषदीय विद्यालयों की साज-सज्जा और पठन-पाठन दुरुस्त करने पर विशेष जोर है। इसके लिए जिलों में जिलाधिकारी की अगुवाई में कमेटियां बनाई गई हैं और उसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। वहीं, जिन विद्यालयों के भवन जर्जर हैं या फिर वे किराए के भवन में चल रहे हैं, उन्हें नजदीक के ही परिषदीय विद्यालय में शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने सीमैट व परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया।

# देश में कोरोना के नए स्ट्रेन के मामले बढ़कर 82 हुए
## कोरोना के सक्रिय मामलों में लगातार गिरावट

**जेएनएन, नई दिल्ली।** देश में सक्रिय मामलों में लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है। वर्तमान में सक्रिय मामले सवा दो लाख रह गए हैं, जो कुल मामलों का मात्र 2.16 फीसद है। सक्रिय मामलों में गिरावट की मुख्य वजह कोरोना के नए मामलों से अधिक मरीजों का ठीक होना है। बीते चौबीस घंटे के दौरान भी नए संक्रमितों से ढाई हजार से अधिक मरीज स्वस्थ घोषित किए गए।

एक करोड़ चार लाख से अधिक संक्रमितों में से एक करोड़ से अधिक अब तक पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। मरीजों के उबरने की दर बढ़कर 96.39 फीसद हो गई। अब तक डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जान भी जा चुकी है और मृत्युदर 1.45 फीसद बनी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी



आंकड़ों के मुताबिक बीते चौबीस घंटे में 18,139 नए मामले मिले हैं, 20,539 मरीज ठीक हुए हैं और 234 लोगों की जान गई है। इसके साथ ही कुल संक्रमितों का आंकड़ा 1.04 करोड़ पहुंच गया है। एक करोड़ 37 हजार से ज्यादा लोग महामारी को मात दे चुके हैं और मृतकों की संख्या भी 1,50,570 पर पहुंच गई है। सक्रिय मामले 2,25,449 रह गए हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के मुताबिक कोरोना संक्रमण का पता लगाने के लिए देशभर में अब तक 17.93 करोड़ नमूनों का परीक्षण किया जा चुका है। इसमें से 9.35 लाख नमूनों की जांच गुरुवार को की गई।

कोरोना वायरस के नए स्वरूप (स्ट्रेन) से संक्रमित होने वाले मरीजों की संख्या 82 हो गई है। बुधवार को पीड़ितों की संख्या 73 थी। ब्रिटेन में मिला कोरोना का यह नया स्ट्रेन भारत समेत अब तक दुनिया के कई देशों में फैल चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि संक्रमित पाए गए लोगों को उनके राज्यों में कोरोना केयर केंद्रों में अलग-अलग कमरों में आइसोलेशन में रखा गया है। इनके परिजनों और निकट संपर्क में आए लोगों को भी क्वारंटाइन किया गया है। सभी की सेहत पर लगातार नजर भी रखी जा रही है।

### अमेरिकी राजनीति में दोबारा वापस नहीं आ सकेंगे ट्रंप

**नई दिल्ली (ऑनलाइन डेस्क)।** अमेरिका की केपिटल बिल्डिंग में बुधवार को जो कुछ हुआ उससे देश की छवि को काफी नुकसान हुआ है साथ ही इस पूरे घटनाक्रम ने मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भविष्य में वापस लौटने की सभी उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया है। इस पूरे घटनाक्रम पर बात करते हुए अमेरिका में भारत की पूर्व राजदूत मीरा शंकर ने कहा कि इस घटना में राष्ट्रपति ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी को जबरदस्त नुकसान पहुंचा है। रिपब्लिकन पार्टी ट्रंप को ऐसा करने से रोक सकती थी, लेकिन उसमें वो नाकाम रही। अमेरिकी इतिहास की ये पहली घटना है जिसमें मौजूदा राष्ट्रपति ने चुनाव परिणामों को मानने से साफ इनकार कर दिया और अंत तक इसके खिलाफ उठ खड़े होने के लिए लोगों को उकसाते दिखाई दिए। मीरा खुद भी इसको लोकतंत्र पर हमला मानती हैं। उनका कहना है कि ये बेहद गंभीर विषय है।पूर्व राजदूत का ये भी कहना है कि जिस तरह की घटना अमेरिका में घटी है उसके बाद ट्रंप के भविष्य की राजनीति में बने रहने के दरवाजे भी बंद हो गए हैं। ऐसा होने की दूसरी बड़ी वजह उनकी बढ़ती उम्र भी है। वहीं उनका कहना है कि इस घटना के बाद में ट्रंप का साथ उनके ही कई करीबी नेता छोड़ चुके हैं। सदन में जिन नेताओं ने चुनाव परिणामों के खिलाफ बोलने के लिए नोटिस दिया था उन्होंने भी खुद को पीछे कर लिया। ऐसे में ट्रंप यदि खुद माफी मांगते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देते हैं तो वो कुछ हद तक अपना आत?म सम्मान बचा सकेंगे, नहीं तो उन्हें काफी मुश्किलें हो सकती हैं। आपको बता दें कि अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति निक्सन को भी इसी तरह से माफी दी गई थी। उनके मुताबिक इस घटना से रिपब्लिकन पार्टी के कई नेता भी आहत हुए हैं। यहीं वजह है कि उनके ही दबाव में ट्रंप को बयान देना पड़ा जो सत्ता हस?तांतरण से जुड़ा है। इस बयान को ट्रंप ने तभी दिया है जब उन्हें इस बात की धमकी दी गई होगी कि उनके ऊपर महाभियोग के अलावा 25वें संशोधन का इस्तेमाल किया जा सकता है।

# बर्ड फ्लू के कारण कई राज्यों मे पोल्ट्री कारोबार पर लगी रोक

**नई दिल्ली, एएनआइ।** कोरोना वायरस संक्रमण से जारी संघर्ष के बीच अब विभिन्न राज्यों में बर्ड फ्लू का संक्रमण फैल रहा है जिससे निपटने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। इसके कारण जम्मू कश्मीर, मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों में पोल्ट्री कारोबार पर रोक लगा दी गई है। देश के कई राज्यों में पोल्ट्री, कौव्वों, प्रवासी पक्षियों की मृत्यु दर से हालात बिगड़ गए हैं। इस संक्रमण के मद्देनजर केंद्रीय मंत्री संजीव बालयान ने बताया कि राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और केरल में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है और बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने दिल्ली में कंट्रोल रूम बनाया है, जो राज्यों के साथ संपर्क में रहेगा। भारत में पहली बार वर्ष 2006 में एवियन इंफ्लूएंजा का मामला सामने आया था।



हरियाणा के पशुपालन व मतस्यपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा, '4 लाख से अधिक मुर्गों की मौत हो गई। हमने सैंपलों के जांच के लिए जालंधर भेज दिया है। विभिन्न पोल्ट्री फार्मों से सैंपल जांच के लिए भोपाल भेजे गए हैं।' केरल, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश और हिमाचल प्रदेश के हालातों को देखते हुए केंद्र ने राज्यों के साथ बैठक की और हालात का जायजा लिया ताकि एवियन इंफ्लूएंजा यानि बर्ड फ्लू के संक्रमण से होने वाले नुकसान को देखते हुए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को एहतियात बरतने और उपायों की सलाह दी जा सके। पिछले 10 दिनों की अवधि में मरने वाले पक्षियों का आंकड़ा 15 लाख के करीब पहुंच चुका है। केवल हिमाचल प्रदेश में बर्ड फ्लू से 3000 प्रवासी पक्षियों की मौत हो गई। जानें इन राज्यों में क्या बरती जा रही सतर्कता-

ओडिशा के चीफ सेक्रेटरी सुरेश चंद्र मोहपात्रा ने संभावित बर्ड फ्लू के कारण संभावित हालात की समीक्षा की और एलान किया कि आज तक राज्य में संक्रमण का कोई मामला नहीं आया है। छत्तीसगढ़ में भी इसका कोई मामला नहीं है। पंजाब भी अब तक बर्ड फ्लू के संक्रमण से बचा हुआ है। हां कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में 6 कौव्वों की मौत हो गई है। राज्य स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर के सुधाकर्सा ने कहा कि सैंपल को टेसटिंग के लिए भेज दिया गया है और सीमावर्ती जिलों में संक्रमण को रोकने के उपाय किए जा रहे हैं। उत्तराखंड के पशुपालन विभाग ने कंट्रोल रूप स्थापित किया है। पड़ोसी राज्यों हरियाणा व हिमाचल प्रदेश में बर्ड फ्लू संक्रमण के प्रकोप को देखते हुए जम्मू कश्मीर सरकार ने पोल्ट्री की एंट्री पर ही रोक लगा दी है। गुरुवार को जम्मू कश्मीर सरकार ने ऐलान किया कि शुक्रवार से प्रदेश में पोल्ट्री से संबंधित सभी कारोबार को बंद कर दिया जाएगा। उत?तर प्रदेश के सोनभद्र के डाला इलाके में दस कौव्वों की मौत के बाद सनसनी फैल गई। इनके सैंपल पोस्ट मार्टम के बाद मध्यप्रदेश के भोपाल में जांच के लिए भेज दिए गए।

मध्यप्रदेश सरकार ने बर्ड फ्लू के खतरे से निपटने के लिए आपात बैठक किया और राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिला स्तर पर निगरानी के निर्देश दिए। साथ ही फैसला लिया कि दक्षिण भारत के कुछ राज्यों से कुछ दिनों के लिए पोल्ट्री का कारोबार पर रोक लगा दिया जाए। बता दें कि राज्य के 10 जिलों में 400 कौव्वों की मौत हो चुकी है। यहां 29 दिसंबर को बर्ड फ्लू का पहला मामला सामने आया था। मध्यप्रदेश सरकार ने भी दक्षिणी राज्यों के साथ चिकन के कारोबार पर अगले दस दिनों तक रोक लगा दी है।

महाराष्ट्र पशुपालन विभाग को देखने वाले मंत्री सुनिल केदार ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में रेड अलर्ट जारी कर दिया है और जिला अधिकारियों से सख्त निगरानी करने को कहा है। उन्होंने कहा, 'हम अन्य राज्यों में सैंकड़ों पक्षियों की मौत के कारण सतर्क हो गए हैं। थाने में करीब 10-12 पक्षियों की मौत हो चुकी है।

# मात्र चार लाख रुपये में निपटाना होगा जि0पं0 अध्यक्ष पद का चुनाव

**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का कार्यक्रम अभी भले ही घोषित न हुआ हो, लेकिन निर्वाचन आयोग ने तैयारियों को अंतिम स्वरूप देना आरंभ कर दिया है। प्रत्याशियों के चुनाव खर्च की सीमा वर्ष 2015 में हुए चुनाव के समान ही रहेगी। यानि ग्राम प्रधान पद के उम्मीदवार चुनाव में केवल 75 हजार रुपये ही खर्च कर सकेंगे। इसी तरह जिला पंचायत पद के लिए चुनावी व्यय सीमा डेढ़ लाख रुपये रहेगी, जबकि पानी की तरह पैसा बहाकर लड़े जाने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष पद की चुनावी खर्च सीमा मात्र चार लाख रुपये निश्चित की गई है। ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव खर्च एक समान निश्चित किया गया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य को 75 हजार रुपये से अधिक धन खर्च करने की अनुमति नहीं होगी। चुनाव खर्च पर निगरानी करने के लिए जिलों में कमेटी गठित होंगी। चुनाव खर्च जमा कराने वाले उम्मीदवारों पर कार्रवाई की जाएगी।




उल्लेखनीय है कि पंचायत चुनाव में नामांकन की जमानत राशि और नामांकन पत्र शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की गयी है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को पूर्व की भांति आधी जमानत राशि ही जमा करनी होगी। उत्तर प्रदेश के 826 ब्लाक प्रमुख पदों पर आरक्षण फामूर्ला लागू करने के लिए शुक्रवार को प्रस्तुतिकरण किया गया। अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के समक्ष आरक्षण शून्य करने या चक्रानुक्रम लागू करने की स्थितियों पर विचार किया गया। शून्य किए जाने से ब्लाक प्रमुख पद पर वर्ष 1995 जैसा आरक्षण होगा। चक्रानुक्रम लागू किया तो वर्ष 2015 को आधार मानकर आरक्षित सीटों का निर्धारण होगा। सूत्रों का कहना है कि दोनों फामूर्लों में सीटों के आरक्षण में अधिक बदलाव नहीं होगा। सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष व ग्राम पंचायत प्रधान पदों के आरक्षण का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। इसके बाद ही शासन स्तर से आरक्षण की कोई व्यवस्था लागू करने का निर्णय हो सकेगा। उम्मीद है कि चक्रानुक्रम फामूर्ला ही अमल में लाया जाएगा, क्योंकि आरक्षण शून्य किए जाने पर कोर्ट में मामला उलझने की आशंका अधिक है।

## संक्षेप समाचार

### सीएचसी करछना में रैबीज इजेक्शन का अभाव लोग परेशान

**करछना।** सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र करछना में महीनो से रैबीज का इजेक्शन न होने से केन्द्र पर आने वाले लोगो को भारी फजीहत उठानी पड रही है प्रतिदिन दर्जनो लोग स्वास्थ केन्द्र पर ने के बाद बैरंग वापस लौट रहे है और उन्हे मंहगे दामो पर प्राइवेट मे तीन से चार सौ रुपए मे लगवाने के लिए मजबूर हो रहे है। कोरोना काल के समय से अस्पताल मे रैबीज का इंजेक्शन न होने से लोगो को भारी दिक्कत हो रही है। बीच में कुछ रैबीज के इंजेक्शन आये लेकिन दो दिन मे ही खत्म हो गये जिससे कई लोग पूरा कोर्स नही कर पाये कुछ लोग प्राइवेट मे इंजेक्शन खरीदकर लगवाये।

# पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली, साथी फरार

**हत्या और लूट के मामले में था वांछित**

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल बांध रोड पर गुरुवार की रात करीब 9 बजे पुलिस और बदमाशो के बीच मुठभेड़ हो गयी। जिसमे बदमाशो ने पुलिस टीम पर गोलियां चला दी। जवाब में पुलिस ने भी बदमाशों पर गोलियां चला दी। जिसमे एक बदमाश के पर में गोली लगने से वह गिर पड़ा। जबकि दूसरा बाइक से भागने में कामयाब हो गया। सूचना पर पहुंचे आलाधिकारियों ने घायल बदमाश को अस्पताल भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात नैनी पुलिस और एसओजी टीम गस्त पर थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पुराने पुल की ओर से दो बदमाश बाइक से जा रहे है।



पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल बदमाश

पुलिस और एसओजी टीम ने बदमाशों का पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर दो राउंड फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस ने बचाव के लिए गोली चला दी। जिसमे एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गयी और वह गिर पड़ा जबकि दूरा भागने में कामयाब रहा। एसओजी टीम ने सूचना आलाधिकारियों को दी। जिसके बाद मौके पर एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित, सीओ करछना राकेश शुक्ला, डिप्टी एसपी शुभम तोदी, एसपी क्राइम आशुतोष मिश्रा फोर्स के साथ पहुंच गए। अधिकारियों ने घायल बदमाश को अस्पताल भेज दिया।

एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने बताया की कौंधियारा में बुधवार को हुए मुठभेड़ के दौरान बदमाश सलमान का साथी अशोक पासी पुत्र परसू निवासी मेजा बठिंडा फरार हो गया था। जिसकी सूचना पुराने पुल की तरफ जाने की मिली थी जिसके बाद पुलिस टीम ने पीछाकर दौड़ाया। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी है। जिसे अस्पताल भेजा गया है। इसके पास से 315 का एक तमंचा और दो कारतूस मिला है। इसका एक साथी भागने में कामयाब रहा।

## चोरी गयी मार्शल जंगल में लावारिश मिली, सामान गायब

**मऊआइमा।** चोरों ने घर के सामने खड़ी मार्शल वाहन गुरुवार को सुबह चोरी कर ले गए थे । शुक्रवार को लावारिश हालात में जंगल में मिली । जिससे भुक्तभोगी ने राहत की सांस ली है तथा पुलिस के चोरों तक न पहुंच पाने से भुक्तभोगी में असंतोष व्याप्त है । मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गदाईपुर पावर हाउस के निकट निवासी रितेश कुमार कौशल पुत्र अशोक कुमार कौशल की मार्शल घर के सामने खड़ी थी । गुरुवार को सुबह चोर मार्शल लेकर भाग गए। रितेश कौशल और उनके पिता अशोक कुमार कौशल गुरुवार को मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा कर प्रतापगढ़ की ओर मार्शल लेकर भागे चोरों का पुलिस के सहयोग से पता लगाने लगे परन्तु सारा दिन मार्शल वाहन का कुछ भी पता नहीं चला । शुक्रवार को सुबह ग्राम रामनगर गंसियारी के सुनसान क्षेत्र में लावारिश हालत में मार्शल पुलिस ने बरामद कर ली। मार्शल कीमती बैटरी और तेल एंव अन्य सामान नदारद था। बताया गया है कि चोरों को पुलिस सुराग नहीं लगा सकी है। चोरी गए मार्शल के मिलने से भुक्तभोगी ने राहत की सांस ली है।

## रेलवे ट्रैक पार करते समय मशीन की चपेट में आने से अधेड़ का पैर कटा



गंभीर रूप से घायल को अस्पताल ले जाती एंबुलेंस

**जसरा।** जसरा रेलवे स्टेशन के पास एक अधेड़ रेलवे लाइन को पार कर रहा था कि रेलवे ट्रैक पर पड़ी गिट्टी एकत्र करने वाली मशीन की चपेट में आकर उसका एक पैर कट गया। एंबुलेंस की सहायता से परिजन उसे जसरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। गंभीर अवस्था में उसे शहर के लिए रेफर कर दिया गया।

शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे जसरा बाजार निवासी कामता केसरवानी 45 वर्ष पुत्र राम प्रताप केसरवानी जसरा रेलवे प्लेटफार्म के समीप रेलवे लाइन को पार कर रहा था । इतने में रेल पटरी की गिट्टी एकत्र करने वाली मशीन पटरी पर आगे पीछे हो रही थी। कामता केसरवानी रेल पटरी पार करके अपने घर आ रहा था । इतने में वह रेल पटरी पर चल रही मशीन की चपेट में आ गया । जिससे उसका बांया पैर कट गया। सूचना पर



गंभीर रूप से घायल अधेड़

पहुंचे परिजन उसे घर ले गए तथा एंबुलेंस आने के बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा ले गए । जहां डाक्टरों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए घायल को एस आर एन प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया । परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल हो गया है।

## अंतहिया समिति में घुसा नहर का पानी, सैकड़ों बोरी खाद बर्बाद



समिति में भरा नहर का पानी

**करछना।** विकास खण्ड करछना के साधन सहकारी समिति अतहिया मे बुधवार रात अचानक नहर के टूटने के कारण रात मे समिति के अंदर पानी घुस गया जिससे गोदाम मे रखी उर्वरक पानी मे बह गई जिससे समिति को 192 बोरी खाद का नुकसान हो गया। समिति मे नहर का पानी घुस जाने के कारण 152 बोरी

**अंतहिया समिति में रखी 192 बोरी उर्वरक नहर के पानी में बह गई**

यूरिया व 40 बोरी डीएपी बर्बाद हो गई जिसमे गोदाम मे 7010 बोरी यूरिया और 76 बोरी डीएपी किसानो के वितरण के लिए रखी गई थी जिसमे 40 बोरी डीएपी की कीमत 46992 रुपए और यूरिया 152 का मूल्य 37707 रूपया है भीग जाने के कारण खराब हो गई जिससे सहकारी समिति को भारी नुकसान हुआ है।नहर की साफ सफाई न होने के कारण नहर का पानी किसानो के खेतो और गांवो मे भर जाता है जिससे भारी नुकसान हो जाता है विभाग के लोग साफ सफाई के नाम पर खानापूर्ती करने के कारण इस तरह का नुकसान किसानो और समिति हुआ।एडीओ कोआपरेटिव मनीष सिह ने समिति मे उर्वरक का हुआ नुकसान की रिर्पोर्ट सचिव से लेकर उच्च अधिकारियो को अवगत कराया है।

## मां सेवा संस्थान के सहयोग से खराब पड़े हैंडपम्प की हुई मरम्मत



हैण्डपम्प की मरम्मत करते हुए

**करछना।** विकास खंड करछना के अंतर्गत रोकड़ी में खराब पडें हैंड पंप जो महिनों से खराब होने के कारण लोगों को पेयजल की आपूर्ति को लेकर परेशान थे महिनों से खराब प्रजापति बस्ती का हैंडपंप प्रधान से कहने के बावजूद, सेक्रेटरी महोदय, और बीटी से ब्लाक में जाकर स्वंय हैंडपंप की शिकायत की लेकिन फिर भी निराशा मिली आज माँ सेवा संस्थान के द्वारा हैंडपंप को बनवाया गया जिसमें बस्ती वालों को पानी की समस्या से निजात मिला और बस्ती वालों ने संस्थान को ढेर सारा आशीर्वा और प्यार दिया।

## सेवानिवृत्त वयोवृद्ध शिक्षक की साड़ के हमले से मौत

**घूरपुर ।** क्षेत्र के बोंगी गांव में शुक्रवार की सुबह मॉर्निग वाक के लिए निकले सेवा निवृत्त वयोवृद्ध शिक्षक को गांव के बाहर एक आवारा सांड़ ने धावा बोलकर घायल कर दिया ।घायल वृद्ध को परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया । घूरपुर थाना क्षेत्र के छोटी बोंगी गांव निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक हरिओम पटेल (80) शुकवार की भोर रोज की तरह मॉर्निग वाक के लिए गांव के बाहर निकले थे। अभी वह गांव के बाहर पहुंचे थे कि एक आवारा सांड़ ने उन्हें दौड़ा लिया और धक्का देकर जमीन पर गिराकर उनके ऊपर सींगो से प्रहार करने लगा। वृद्ध ने शोर मचाया तो आस पास के लोग दौड़े तो सांड़ उन्हें छोड़कर भागा। घायल वृद्ध को लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । घटना से परिजनों में कोहराम मच गया ।

## भौथर को हराकर हंडिया बनी चैंपियन

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के भरहरी गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एफ सी सी क्रिकेट क्लब द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में लगभग 32 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा नेता व ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी अवधेश नारायण यादव रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। हर युवाओं को खेल को खेल खेलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में थाने के उपनिरीक्षक निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह रहें। उन्होंने खिलाड़ियों की पीठ थपथपाते हुए उनके हौसले बुलंद करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को हार से निराश नहीं होना चाहिए। खेल में हार व जीत लगा रहता है। जीत होने से सफलता मिलती है हार में अनुभव जरूर मिल जाता है। फाइनल मैच हण्डिया व भौथर के बीच में खेला गया। टॉस जीतकर भौथर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में 40 रन बनाए। वही दूसरी पारी खेलने उतरी



विजेता टीम के कप्तान को कप प्रदान करते अतिथिगण

हण्डिया ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से 5 ओवर के 4 गेंद सेस पर ही मैच पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विजेता टीम को कमेटी द्वारा 20000 कथा उपविजेता को 10000 का चेक दिया गया। टूनार्मेंट आयोजक मोहम्मद वसीम अफसार अहमद ने आए हुए अतिथियों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कमेंट्री कर रहे अंसार असरफ ने अपनी कमेंट्री से लोगों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर सैयद फैजान ग्राम प्रधान अख्तर अरसान, रज्जाक, नाबील, एहतेशाम, नईम, वसीम, शाहनवाज, सुल्तान, सिद्दीकी, परवेज आलम आदि लोग मौजूद रहे।

## करंट से गयी युवक की जान, घर में मचा कोहराम

**बिजली विभाग की लापरवाही से आए दिन होती रहती है घटनाएं**

**खीरी।** खीरी थाना क्षेत्र के लेड़ियारी बाजार के पूरा कंदौली गांव के एक घर में करंट उतरने से एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार मिश्र पुत्र अयोध्या प्रसाद मिश्र उम्र 47 वर्ष को घर में करंट उतरने के कारण उसकी चपेट में आने से मौत हो गयी। जैसे ही घर वालों को जानकारी हुई दौड़कर घर जाकर देखें तो उक्त युवक की सांसे थम चुकी थी। मृतक की पत्नी प्रीति मिश्रा का रो- रो कर बुरा हाल हुआ है। मृतक के तीन लड़के व एक लड़की है जो अभी नाबालिक है। मृतक का बड़ा लड़का आलोक मिश्रा 17 वर्ष, उसके बाद आदर्श मिश्रा 13 वर्ष फिर अंत में सबसे छोटा अभिषेक मिश्रा 8 वर्ष का भी रो - रो कर बुरा हाल हो देखा गया। वहां के क्षेत्रीय लोगों का कहना था कि उक्त घटना बिजली विभाग के लापरवाही के कारण हुआ। बताते चलें कि ऐसी पता नहीं कितनी घटनाएं बिजली विभाग की लापरवाही के कारण घट चुकी है। किन्तु उस पर अमल करने के बजाय प्रतिदिन कहीं न कहीं कुछ संविदाकर्मी लाइनमैनों एवं कुछ पैसों के लिए काम कर रहे लोग गांव गांव जाकर अवैध वसूली में लगे हुए हैं जो उनके द्वारा स्थानीय उच्चाधिकारियों तक जाने का काम करता है। उक्त विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी जेबें भरने के अलांवा किसी की जान गवाने से क्या लेना देना है। विभाग के लापरवाही के कारण क्षेत्र में पता नहीं कितनों जगहों पर दूर दूर तक सही ढंग से बिजली तार जाने के बजाय लोग अपने घरों तक मुख्य कनेक्शन से होकर बल्ली व डंडों के सहारे तार ले जाने का काम करते हैं जो आए दिन घटना का कारण बनते हुए देखे जाते हैं।

## मृत मिले पक्षियों का वनविभाग ने कराया पोस्टमार्टम

**एक पक्षी का शव जांच ले लिए भेजा गया लैब**

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारीबारी चौकी के अंतर्गत कोहड़िया गांव के एक तालाब में मृत पाए गए दर्जनों पक्षियों का पोस्टमार्टम किया गया व जांच के लिए सैम्पल एकत्र करके लैब भेजा गया ।

बता दे कि नारीबारी क्षेत्र के कोहड़िया गांव के एक तालाब में गुरुवार को दर्जनों पक्षियों को मृत देखा गया था। उसके बाद ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को सूचना दी गयी। ग्रामीणों की सूचना पर तहसीलदार बारा डॉ विशाल शर्मा और चौकी इंचार्ज नारीबारी मौके पर गए थे। वहां मौके पर पक्षियों में एक महक, दो नीलकंठ, छः बगुला, चार टिटिहिरी तथा एक नेवला भी मृत पाया गया था। जिसके बाद वनविभाग और पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचना दी गयी थी। पशु चिकित्सा अधिकारी और वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर



मृत पंक्षियों का सैंपल लेती वन विभाग की टीम

पहुंचकर मृत पक्षियों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद एक पक्षी के सैंपल को जांच के लिए रख लिया गया। शेष को दफन कर दिया गया। वन क्षेत्रीय अधिकारी मनीष सिंह से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मृत सभी पक्षियों का पोस्टमार्टम किया गया है उसमें से एक पक्षी के सैंपल को वर्ड फ्लू की जांच के लिए भोपाल लैब में भेजा जाएगा। पक्षियों के अचानक मरने से ग्रामीणों में भय बढ़ गया था, कि कहीं कोई बीमारी तो नही आ गयी। लेकिन प्रशासन की सक्रियता के चलते सब कुछ सामान्य हो गया है।

### बांस लादकर जा रही ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी, चालक खलासी घायल

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के महरुपुर हाईवे पर सुबह कानपुर की तरफ जा रही बांस लाद कर ट्रक चालक को झपकी लगने से अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। शुक्रवार सुबह 5 के करीब वाराणसी से कानपुर के लिए बास लादकर जा रहा ट्रक जैसे ही उतराव थाना क्षेत्र के महरुपुर हाईवे पर पहुँचा की चालक को अचानक झपकी लग गयी।वही झपकी लगने से ट्रक अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए 10 फीट नीचे जा गिरी। जहां चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं तेज आवाज सुन स्थानीय लोग इकट्ठा हुए तो सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक व खलासी को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।



गरीबों को कंबल वितरित करते समाजसेवी

### समाजसेवी राजेश अग्रहरि के द्वारा ग्रामसभा गढ़ैया कला में बांटा गया कम्बल

**जारी।** कौंधियारा क्षेत्र के जारी कस्बे में दिन गुरुवार को लगातार गरीबो की मदद करने वाले समाजसेवीयों द्वारा लोगो की हमेशा मदद करते नजर आते है, आज इसी क्रम में जसरा ब्लॉक के जारी गढ़ैया कला ग्रामसभा में हरिजन बस्ती मे 30 कंबल का वितरण किया गया तो वही केवटआन बस्ती में भी 30 कंबल वृद्धजनों को दिया गया और पसियान बस्ती में भी 40 कंबल वितरित किया गया गांव के वृद्ध दिव्यांग विधवा महिलाओं को कंबल वितरित किया गया राजेश अग्रहरि ने समाजसेवा की मिशाल पेश की। ग्राम सभा के गरीब और असहाय लोगों के बीच जाकर अपने हाथों से कम्बल वितरण किया। अपने गाव गढ़ैया कला में अपने साथियों के साथ कई गाव से पहुँचे सैकड़ों गरीबो को गर्म कम्बल प्रदान की। वही राजेश अग्रहरि ने बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया।

## विज्ञान कार्यशाला का हुआ आयोजन

**करछना।** विकास खंड करछना के संकुल वीरपुर में शिक्षक संकुल की मासिक बैठक आयोजित की गई जिसमें मिशन प्रेरणा के अंतर्गत विज्ञान की कार्यशाला आयोजित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी करछना संतोष कुमार श्रीवास्तव ने ई पाठशाला को सफल बनाने के शिक्षा को जनान्दोलन बनाने, और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से परिचय करवाने का सुझाव दिया। सभी अध्यापकों को दीक्षा ऐप और रीडअलांग ऐप को 10-10 अभिभावकों के मोबाइल में विकास खंड करछना के पार्टर कोड 40110122 के साथ डाउनलोड करवाने का सुझाव दिया। विज्ञान शिक्षण तकनीकी को ध्यान मे रखते हुए शिक्षण योजना बनाकर शिक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही विद्यालय को प्रिंट रिच सामग्री और बाला पेंटिंग से सुसज्जित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय को



विज्ञान कार्यशाला में उपस्थित लोग

प्रेरक बनाने के लिए उत्साहित किया। शिक्षक संकुल पूजा यादव ने सरसों के पौधे का प्रदर्शन करते हुए उसके विभिन्न भागों जड़, तना, पत्ती पुष्प, फल आदि का वर्णन किया। एआरपी विष्णुकान्त गुप्त ने बताया कि प्राथमिक स्तर पर विज्ञान की विषयवस्तु को हमारा परिवेश में समाहित किया गया है। विज्ञान शिक्षण में स्वानुभव, अवलोकन, प्रदर्शन, प्रयोगशाला, समस्या समाधान आदि की चर्चा की। पुष्पराज सिंह विज्ञान की समझ विकसित करने के लिए मिट्टी, पानी, हवा से ठोस, द्रव,गैस और की अवधारणा का बोध कराया। एआर पी कुँवर राजीव सिंह ने गुब्बारे में हवा भरकर वायु स्थान घेरती है हपका अध्ययन शिक्षक संकुल अरविन्द कुमार राय ने आधारशिला, ध्यानाकर्षण और शिक्षण संग्रह की चर्चा की।

## असहाय लोगों की मदद करनें से होती हैं पुण्य की प्राप्ति : ए.पी . सिंह

**करमा ।** जन्मदिन समेत अनेक शुभ अवसर पर युवा पीढ़ी को अनावश्यक खर्च करनें बजाय उसी राशि को गरीब, बेसहारा एवम जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए ऐसे कार्यों से आत्मिक सुकून कें साथ पुण्य की भी प्राप्ति होती हैं उक्त बातें श्री सेठ राम अभिलाष पटेल इंटर कालेज शिटकहिया के प्रबंधक ए .पी. सिंह अपने जन्मदिन पर 251 निर्धन महिलाओं को साड़ी, वस्त्र, मास्क इत्यादि भेंट करनें कें दौरान व्यक्त किये आगे श्री सिंह यह भी बोलें कि आजकल युवाओं में जन्मदिन पर काफी धनराशि खर्च की जाती हैं जिसका कोई विशेष मतलब नही होता हैं यदि उसी राशि कों गरीब, बेसहारा, वंचित वर्ग की मदद करनें में खर्च किया जाएं तों इससे जन्मदिन भी यादगार होता हैं साथ ही व्यक्ति पुण्य कें भागी भी बनते हैं। श्री सिंह नें युवाओं से अपने जन्मदिन पर एक विशेष अपील करते हुए बोलें कि युवा वर्ग कें मजबूत कन्धों पर ही देश की सारी प्रगति निर्भर हैं इसलिए युवाओं को जी जान से अपने लक्ष्य की तरफ फोकस करना चाहिए साथ ही प्रबंधक श्री सिंह नें माता -पिता का वास्ता देते हुए उपस्थित छात्र /छात्राओं से बोलें कि आप सभी लोगों पर आपके अभिवावक, स्वजनों एवम समाज की निगाहें हैं इसलिए सभी लोग खूब मन लगाकर पढ़ाई करें ताकि भविष्य में एक काबिल एवम होनहार व्यक्ति बनकर सभी को गौरवान्वित करतें हुए राष्ट्र की सेवा में अपना अमूल्य योगदान स्थापित करें ।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### चनेथू में जल निगम की पाइपलाइन टूटी, सड़क पर बह रहा पानी

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर क्षेत्र के चनेथू गाँव प्राइमरी स्कूल के पास हरिजन बस्ती में जल निगम की पाइपलाइन टूट जाने के कारण घरों में पहुंचने वाला पानी फालतू में बह रहा है। पेयजल योजना के तहत अनुवां पानी की टंकी से दर्जनों गाँव में पानी की सप्लाई होती है लेकिन चनेथू में पाइपलाइन टूटने के कारण घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा ग्रामीणों ने पाइपलाइन की मरम्मत की मांग एक्सिएन जल निगम प्रयागराज से किया है।

### समाजसेवी ने बच्चों को बांटे उपहार

**करछना।** नये साल के उपलक्ष्य में अभी लोगों के बीच बधाई और उपहार का सिलसिला चल रहा है। चनैनी गांव में युवा समाजसेवी धीतेश तिवारी धीरू ने गांव के गरीब बस्ती में पहुंचकर बच्चों को उपहार बांटे। उपहार पाते ही बच्चों के चेहरे पर मुस्कान दौड़ पड़ी। धीरू ने बच्चों के परिजनों से कहा कि इन्हे घर पर ही कोरोना काल की स्थिति में पढ़ाने लिखाने और संस्कारिक करने पर जोर दे। बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उन्होने परिजनों से उनके उचित देखरेख और ठंड़ के मौसम में बचाव करने पर भी जोर दिया। इस दौरान उनके साथ श्याम सुन्दर तिवारी, अम्बुज तिवारी, विशाल तिवारी, अमन सिंह आदि रहे।

## ब्रह्मांडीय उर्जा के आभामंडल में क्रियायोग शिविर का भूमि पूजन संपन्न



माघ मेला क्षेत्र में क्रियायोग शिविर का भूमि पूजन करते क्रियायोग गुरू स्वामी श्री योगी सत्यम व उपस्थित साधकगण

**झूंसी प्रयागराज।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी त्रिवेणी रोड स्थित गंगा तट पर उत्तरी पट्टी पर क्रियायोग शिविर लगने जा रहा है। माघ मेला क्षेत्र में क्रियायोग शिविर का भूमि पूजन शुक्रवार को संपन्न हुआ। शिविर के भूमि पूजन में भाग लेने के लिए भारत के गणमान्य नागरिक के साथ-साथ विदेशी नागरिक भी शामिल रहे। क्रियायोग गुरु ने बताया कि भूमि पूजन के अवसर पर कई देशों के लोग मौजूद रहे, जैसे अमेरिका, कनाडा, यूरोप, ब्राजील, सिंगापुर, साउथ अफ्रीका जैसे देशों के लोग क्रियायोग शिविर के भूमि पूजन में भाग लिए। तथा वैज्ञानिक तरीके से समझाया गया कि मां गंगा की पूजा, गंगा के रेत की पूजा वैज्ञानिक है, इसको सीखने के बाद इसी तरह से सभी नदियों की पूजा, जल की पूजा, पृथ्वी की पूजा, पहाड़ की पूजा, पेड़ों की पूजा, सभी जीव जंतुओं की पूजा, मानव देवी देवताओं की पूजा तथा राक्षसों की भी पूजा अति आवश्यक है। क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम ने यह भी बताया कि देवताओं के गुरु बृहस्पति देव ने शुक्राचार्य को सबसे पहले नमन करते हैं, यह परंपरा रही है। ऐसा क्यों होता है कि राक्षसों की पूजा क्यों की जाए, क्योंकि भारतीय संस्कृत में यह कहा गया है कि परमब्रह्म सभी रूपों में विद्यमान है, वही देवता वही राक्षस के रूप में होते हैं। इस पूरे ब्रह्मांड के ज्ञान ने रंगमंच को संपादित करने के लिए कैसे माया का रंगमंच संपादित हो और कैसे निराकार परमब्रह्मा के रंगमंच संपादित हो, इसके लिए पूरी योजना ही है। इसलिए जिस दिन भारतीय संस्कृत की पूजा तथा इस पद्धति के अनुसार सभी मानव जाति रहने लगेंगे उस दिन आपसी झगड़े खत्म हो जाएंगे अज्ञानता के कष्ट से सबको मुक्ति मिल जाएगी।

## सड़क सुरक्षा के सम्बंध में बैठक सम्पन्न



बैठक की अध्यक्षता करते अपर आयुक्त

**प्रयागराज।** अपर आयुक्त भगवान शरण ने शुक्रवार को गांधी सभागार में परिवहन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा के सम्बंध में बैठक की। उन्होंने परिवहन एवं पीडब्लूडी व एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों पर ब्लैक स्पाट चिन्हित कर साइन बोर्ड लगाकर कार्य पूर्ण करें। सरकार की मंशा है कि सड़क दुर्घटना को रोका जाय। इसके लिए हाइवें एवं राजमार्गो से कनेक्ट होने वाली सड़कों एवं मोड़दार जगहों पर साइन बोर्ड होना चाहिए। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि हण्डिया से राजातलाब हाइवे पर सर्विस लेन बन जाने से कोई भी कनेक्टिंग सड़क हाइवे से सीधी नहीं मिलती साथ ही साथ उचित साइन बोर्ड को लगा दिया गया है। पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चिन्हित ब्लैक स्पाट पर साइन बोर्ड लगाया जा रहा है और लगभग जगहों पर यह साइन बोर्ड लगाया जा चुका है। दुर्घटना से जुड़े लम्बित प्रकरणों के बारे में भी अपर आयुक्त ने जानकारी ली और निर्देश दिये कि शीघ्र ही जिलाधिकारी के यहां पत्र भेजकर मामले का निस्तारण करा लिया जाये। एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के बारे में भी अपर आयुक्त ने आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए एवं ऐसा करने वालों पर जुमार्ना भी लगाया जाये। इस कार्य में आने वाली समस्याओं को भी दूर करने के निर्देश दिए। पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनका संयुक्त अभियान भी चल रहा है, जिसके अन्तर्गत सीट बेल्ट न पहनने, गलत लेन में गाड़ी चलाने, हेलमेट न लगाने, गाड़ी चलाते समय मोबाइल से बात करने वालों का चालान किया गया है ताकि दुर्घटना को रोका जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यातायात, आरटीओ प्रवर्तन श्री राजकुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सुनवाई के दौरान कोर्ट में वकील व जज का गाउन पहनना अनिवार्य नहीं : हाई कोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शुक्रवार को वकील तथा जज को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान वकील तथा जज के गाउन पहनने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। कोर्ट ने एक फैसले में निर्देश दिया है कि अब वकीलों और जज का किसी भी सुनवाई के दौरान गाउन पहनना अनिवार्य नहीं है। इस बाबत इलाहाबाद हाई कोर्ट के महानिबंधक ने प्रदेश की सभी अदालतों को आदेश भी जारी कर दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव ने प्रदेश के सभी जिला न्यायाधीशों, व्यावसायिक अदालतों के पीठासीन अधिकारियों, पारिवारिक अदालतों के प्रमुख न्यायाधीशों व सभी अधीनस्थ अदालतों को लाक डाउन अवधि व उसके बाद की अदालती कार्यवाही प्रक्रिया का पालन करने का निर्देश दिया है। सात जनवरी को जारी परिपत्र में कहा गया है कि कोर्ट में किसी भी बहस के लिए अधिवक्ताओं का गाउन पहनना अनिवार्य नहीं है। इसके साथ ही न्यायिक अधिकारियों को गाउन न पहनने की छूट दी गयी है। इस आशय का आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट के 18 दिसंबर 2020 को अदालतें खोलने के लिए जारी दिशा निदेर्शों के तहत जारी किया गया है।

## प्रयागराज का इतिहास अत्यंत समृद्ध व गौरवशाली है : उपमुख्यमंत्री

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रथम विधान मण्डल की पहली बैठक की स्मृति में अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद पार्क में स्थित राजकीय पुस्तकालय परिसर में प्रयागराज गौरव अनुभूति आयोजन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से उपस्थित मा0 विधान सभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश ह्रदय नारायण दीक्षित तथा मा0 उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

मा0 अध्यक्ष उत्तर प्रदेश विधान सभा ह्रदय नाराण दीक्षित ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे यहां प्राचीन काल से ही लोकतंत्र की व्यवस्था रही है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को हमारी संवैधानिक संस्थाओं के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया जाना चाहिए। इतिहास से ही हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इसलिए पूर्व में इतिहास में जो पढ़ाया जाता रहा है, उसमें कुछ बाते सही नहीं लिखी गयी है, जिसमें सुधार किया जाना चाहिए। हमारें



दीप प्रज्जवलित कर कार्यकम का शुभारंभ करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

इतिहास के बारे में आने वाली पीढ़ियों को सही जानकारी हो, ये हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यक्रम में सम्मिलित होने के दिए गए आमंत्रण पर आयोजन कर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आने वाली पीढ़ियों को भी इतिहास के बारे में जानकारी होती है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रयागराज का इतिहास अत्यंत समृद्ध व गौरवशाली है। सालों तक यह प्रदेश की राजधानी रहा और पहली विधान मण्डल की बैठक का गवाह भी है। धार्मिक, साहित्यिक, राजनितिक व पौराणिक दृष्टि से इस शहर का मान पूरी दुनिया में है। इसलिए पब्लिक लाइब्रेरी में प्रतिवर्ष 08 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित करने की परम्परा शुरू की गयी है। उन्होंने कहा कि पूरा सदन एक बार पुनः प्रयागराज में चले, इसके लिए पूरा प्रयास किया जायेगा। शहर का मान बढ़ता रहे, विकास के कार्य तेजी से हो, उस दृष्टि से पूरी मेहनत से जमीनी स्तर पर कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि 30 जनवरी, 2019 प्रयागराज स्थित कुम्भ नगर का कमाण्ड सेंटर उस ऐतिहासिक तारीख को प्रयागराज पुनः राजनितिक फलख पर छा गया, पहली बार उत्तर प्रदेश विधान मण्डल का सदन पहली बार लखनऊ से बाहर चला और कैबिनेट की बैठक प्रयागराज में आयोजित हुई। साथ ही प्रदेश के विकास के लिए 10 महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर मुहर भी लगायी गयी, जिसमें सबसे अहम था 36 हजार करोड़ की लागत से बनने वाले गंगा एक्सप्रेस वे की मंजूरी दी गयी। इसे प्रयागराज के विकास में मील के पत्थर के रूप में याद रखा जायेगा।

## शिक्षा रोजगार अधिकार अभियान की बैठक सम्पन्न



बैठक में उपस्थित नौजवान भारत सभा और दिशा छात्र संगठन के लोग

**प्रयागराज।** नौजवान भारत सभा और दिशा छात्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा रोजगार अधिकार अभियान की बैठक छोटा बघाड़ा में की गयी। बैठक में इलाहाबाद विश्वविद्यालयों, सम्बद्ध कॉलेजों तथा चित्रकूट और उरई से आए हुए प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। बैठक में उत्तर प्रदेश में सबको समान और निःशुल्क शिक्षा तथा रोजगार के समान अवसर के मुद्दे पर व्यापक जनान्दोलन खड़ा करने की तैयारी पर चर्चा की गयी। बैठक में नौजवान भारत सभा के प्रसेन ने कहा कि प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा तक अन्धाधुन्ध निजीकरण ने शिक्षा का ऐसा बाजार बना दिया है जहाँ आम घरों के बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा पाना नामुमकिन होता जा रहा है। रोजगार की स्थिति चार दशकों के सबसे भयानक स्तर पर पहुँच गयी है। नौजवान भारत सभा का यह मानना है कि हरेक काम करने योग्य नागरिक को स्थायी रोजगार व सभी को समान और निःशुल्क शिक्षा हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार और सरकार की ज़िम्मेदारी है। नौजवान भारत सभा के कार्यकर्ता इस माँग को लेकर कालेज-कैम्पसों, गाँवों-शहरों में छात्रों-युवाओं को लामबन्द करेंगे।

बैठक में रवि, सूरज, धर्मराज, राहुल, रामसलोने, बृजेश, अविनाश, प्रिया, शिवा, नीशु, करन, अनवर, अम्बरीश, अमित आदि ने भागीदारी की।

### दुधिया रोशनी से जगमगाया माघ मेला क्षेत्र क्षेत्र

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में बिजली विभाग की ओर से 11 हजार 800 स्ट्रीट लाइट लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। पूरा मेला परिसर शाम के बाद दुधिया रोशनी से जगमगा रहा है। बिजली विभाग को मेले में 12 हजार स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य मिला हुआ है। इसमें से 98 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। कुल 45 स्थानों पर हाई मास्ट लगाने का काम भी पूरा कर लिया गया है। पांटून पुल पर भी पांच स्थानों पर भी हाई मास्ट लगाए गए हैं। ये सभी लाइटें शाम को चालू कर दी जा रही हैं। रोशनी के बीच शाम को संगम की सैर करने वालों की भीड़ भी अच्छी हो रही है। संगम पर भी रोजाना शाम को भीड़ हो रही है।

## माघ मेला के अवसर पर प्रयागराज मंडल द्वारा की जा रही हैं विशेष तैयारियां

**प्रयागराज।** रेल प्रशासन द्वारा सूचित किया जाता है कि माघ मेला 2021 के दौरान आये श्रधालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज जंक्शन पर सुरक्षात्मक उपाय करते हुए प्रयागराज जंक्शन को पूर्णतः सुरक्षित किया जा रहा है। जंक्शन पर कोविड नियमों का पालन करते हुए यात्रियों को अलग-अलग प्रवेश मार्ग के माध्यम से स्टेशन पर प्रवेश दिया जायेगा। आरक्षित टिकट धारक से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से एक घंटे पूर्व स्टेशन पर पहुचना सुनिश्चित करें जिससे किसी तरह की कोई असुविधा न हो। प्रमुख स्नान पर्व इस प्रकार है -

प्रयागराज जंक्शन पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त 04, आश्रय हैं प्रत्येक आश्रय की क्षमता लगभग 2500 है अर्थात प्रयागराज जं0 पर लगभग 10000 यात्रियों के रुकने की व्यवस्था है। प्रत्येक आश्रयों में पूंछ-ताछ काउंटर, ट्रेन टाइमिंग डिस्प्ले बोर्ड, उद्घोषणा प्रणाली, पीने का पानी, प्रकाश एवं शौचालय की उत्तम व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों को कोई असुविधा न हो। स्टेशन पर मशीनीकृत सफाई है तथा सुरक्षा हेतु पर्याप्त अग्निशमन यंत्र एवं व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज, नैनी एवं प्रयागराज - छिवकी स्टेशन पर फ्री वाई फाई की सुविधा प्रदान की गई है। कुंभ मेला को दृष्टिगत रखते हुए स्टेशन तथा आश्रयों को पूर्ण रूप से सुरक्षित किया गया है। यात्रियों की सुरक्षा हेतु प्रयागराज जं0 पर CCTV कैमरे लगाये गए है। साथ ही साथ यात्रियों की सुरक्षा हेतु प्रयागराज जं पर आरपीएफ एवं जीआरपी के जवान तैनात किये जायेगे। यात्रिओं से अनुरोध है कि यात्रा के दौरान किसी भी अपरचित द्वारा दिया गया कोई भी खाने पीने का सामान स्वीकार न करें एवं कम से कम सामान लेकर यात्रा करें और रेल प्रशासन का सहयोग करें।

## मण्डल स्तर पर होगा सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक विभाग द्वारा 24 से 26 जनवरी, 2021 को उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर मण्डल स्तर पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा तथा विजयी कलाकारों को उत्तर प्रदेश दिवस पर 24 जनवरी, 2021 से 26 जनवरी, 2021 पर किये जाने वाले आयोजन में सहभागिता करने पर विजयी प्रत्याशियों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता का आयोजन संस्कृति विभाग उ0प्र0 तथा सहयोगी स्थानीय जिला प्रशासन के किया जायेगा। प्रतियोगिता के लिए 12 जनवरी, 2021 तक आवेदन पत्र जमा किये जायेंगे। आवेदन पत्र जिला सूचना कार्यालय से प्राप्त कर सम्बंधित मण्डल के जिला सूचना अधिकारी के कार्यालय में जमा किये जायेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 18 एवं 19 जनवरी, 2021 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक निर्धारित स्थान पर किया जायेगा। प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तीन पुरस्कार दिये जायेंगे साथ ही विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र भी दिये जायेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले आवेदक दल को केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, जिला प्रशासन अथवा अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में कम से कम तीन आयोजनों में सम्मिलित होने का प्रमाण संलग्न करना होगा।

इस प्रतियोगिता में उ0प्र0 के कलाकार ही सम्मिलित हो सकेंगे। सभी प्रतियोगी कलाकारों को अपना स्वयं का वाद् यंत्र, वेशभूषा तथा अन्य सामग्री जिसे प्रतियोगिता हेतु उचित समझा जायेगा लाना होगा। प्रतियोगिता स्थल पर केवल ध्वनि उपकरण ही आयोजक द्वारा उपलब्ध करायें जायेंगे। प्रतियोगिता की अवधि अधिकतम 20 मिनट होगी।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

### धूमनगंज इलाके में देर रात पुलिस बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़

**प्रयागराज।** धूमनगंज के नीवा इलाके में गुरुवार की देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई्र। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की बदमाश के पैर में गोली लगी है उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है वह दो मामलों में वांछित चल रहा था। जानकारी के अनुसार धूमनगंज थाना क्षेत्र के नीवां इलाके में चौकी इंचार्ज पुलिस वाल के साथ गश्त कर रहे थे' तभी बाइक पर सवार एक युवक आते- दिखाई दिया। जब पुलिस ने उसे रोका तो पुलिस टीम पर ही उसने फायरिंग कर दी ' कुछ दूर जाकर उसने बम बाजी करना शुरू कर दिया चौकी इंचार्ज ने यह घटना धूमनगंज इंस्पेक्टर अरुण चतुवेर्दी को बताया फिर क्या था पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचे चारों तरफ से घेराबंदी कर ली। पुलिस और बदमाशों के बीच फायरिंग होने लगी 'जवाब फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लग गई। उसे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा, कारतूस और बम बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक वह दो मामलों में वांछित चल रहा था।

## हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो मेला में उमड़ी भीड़

**प्रयागराज।** हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट मेला में हाथ से बनी वस्तुओं की खरीदारी के लिए लोगों की अच्छी खासी भीड़ जुट रही है। हाथ से निर्मित वस्तुएं लोगों को खूब भा रही हैं। प्रयागराज के केपी ग्राउंड मेडिकल चौराहे के पास इलाहाबाद हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो मेला में देश के विभिन्न प्रांतों के हस्तशिल्प कलाकारों ने अपने हाथों की वस्तुएं बना कर बेच रहे हैं। मेला में भारत के विभिन्न प्रांतों से कलाकार आए हुए हैं जिन्होंने अपने हाथों से वस्तुओं को बनाया है। यह मेला जन सहयोग एवं विकास संस्थान सोरांव प्रयागराज के माध्यम से लगाया गया है। 'मेले के अंदर विभिन्न प्रकार के स्टाल हस्तशिल्पयों द्वारा लगाए गए जैसे कोलकाता की साड़ी, गुजराती पैच वर्क की चादर, कारपेट पैच वर्क की चादर, हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट, सौंदर्य उत्पाद, इंटीरियर फर्नीचर, हेल्थ फिटनेस प्रोडक्ट्स, लहंगा, चुनरी, साड़ी, डिजाइनर सूट, लाख ज्वेलरी कला काटन शर्ट, खादी कुर्ता, ड्राई फ्लावर,



हांथ से बनी वस्तुओं की खरीदारी करती महिलाएं

बेडशीट, फुलकारी की जूती, मूंगा साड़ी, किचनवेयर का आइटम, राजस्थानी व्यंजन, सहारनपुर की फर्नीचर, भदोही के कालीन, बनारस की साड़ी, आजमगढ़ का ब्लैक पोटरी आदि लगाया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है बच्चों के लिए झूले इत्यादि की व्यवस्था है साथ ही राजस्थानी खानपान की उत्तम व्यवस्था है। मेला प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि मेले के अंदर कोविड-19 का पालन अनिवार्य रूप से किया जा रहा है मेला में बिना मास्क प्रवेश वर्जित है इसके साथ ही बच्चों के लिए सामान खरीदने के साथ-साथ कलाकारों को भी प्रशंसा लोग खूब कर रहे हैं यह मेला 1 जनवरी से 20 जनवरी तक लगेगा। मेला सुबह के 11:00 बजे से रात्रि के 9:00 बजे तक लगा रहता है। लोगों की अच्छी खासी भीड़ मेला में जुट रही है।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी



## संक्षेप समाचार

### 16 जनवरी को चैंपियन ट्रॉफी का होगा आयोजन

**प्रतापगढ़।** पट्टी नगर के मेला ग्राउंड में विगत 15 वर्षों से आयोजित होने वाले चैंपियन ट्रॉफी क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन इस वर्ष 16 जनवरी से किया जा रहा है, जिसके लिए बृहस्पतिवार को आयोजक संजय सिंह के साथ आयोजक समिति के सदस्य निसार अहमद, सिराज अहमद, संतोष वर्मा, पंकज सिंह, बंटी सिंह फील्ड का मुआयना करने आए।

### रात में युवक पर पथराव

**कुंडा, प्रतापगढ़।** रात में घर जा रहे युवक पर पथराव किया गया। ग्रामीणों के दौड़ने और पुलिस के पहुंचने पर युवक की जान बची। पीड़ित ने मामले में नामजद तहरीर दी है।मानिकपुर थाना क्षेत्र के सहिली के सुनील कुमार पाण्डेय ने बताया कि बुधवार रात करीब आठ बजे वह बाइक से घर जा रहा था। गांव के पक्के रास्ते पर कुछ लोगों ने रोक लिया। गाली देते हुए उसे घेरकर मारने की कोशिश की। शोर मचाने पर आरोपित घर की छत पर चढ़ गए। वहां से पथराव शुरू कर दिया। सूचना पाकर पुलिस पहुंची तो उसकी जान बची।

## डकैतों की गिरफ्तारी के लिए चक्काजाम

**प्रतापगढ़।** सर्राफ की दुकान में 80 लाख की डकैती पर व्यापारी आक्रोशित हो उठे। चौक में अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर करीब पौन घंटे बाद चक्काजाम खुलवाया। डकैती से जिलेभर के व्यापारियों में सनसनी फैल गई। श्याम बिहारी गली के व्यापारी आक्रोशित हो उठे। दोपहर करीब 12.30 बजे ठठेरी बाजार में चक्काजाम कर दिया। पुलिसवाले पहुंचे और सड़क खाली करने को कहने लगे तो व्यापारी घटना के पीड़ित सुरेश सोनी को शस्त्र लाइसेंस, डकैतों की गिरफ्तारी, लूटे गए माल की बरामदगी एवं श्याम बिहारी गली में पुलिस पिकेट तैनात करने की मांग करने लगे। घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी शिवहरि मीणा ने जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी से बात कर घटना के खुलासे के लिए कुछ समय मांगा। एसपी ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द बदमाशों को गिरफ्तार कर जेवरों की बरामदगी की जाएगी। एसपी व राजेन्द्र केसरवानी की बातें सुनने के बाद व्यापारी सड़क से हट गए और करीब 1.10 बजे चक्काजाम खुल गया। चक्काजाम के दौरान एक एंबुलेंस आ गई तो सड़क पर खड़े व्यापारियों ने किनारे होकर एंबुलेंस को रास्ता दिया। एक काबीना मंत्री का काफिला शहर में घुसा तो उसे सदर मोड़ की ओर से निकाला गया।



सर्राफ की दुकान में डकैती को लेकर व्यापारी व आमजन ठठेरी बाजार में चक्काजाम करते व समझाती पुलिस टीम

### दो घरों से नकदी समेत लाखों की चोरी

**प्रतापगढ़।** चोरों ने ताला तोड़कर दो घरों से नकदी समेत लाखों रुपये के आभूषण आदि सामान पार कर दिया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।पट्टी थाना क्षेत्र के बारडीह के सुधिराम गौतम ने बताया कि गुरुवार रात मकान के मुख्य गेट का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने कमरों में रखी अलमारी, अटैची, बक्सा आदि खंगाल दिया। शुक्रवार सुबह सोकर जागे परिजन कमरे में सामान बिखरा देख हैरान रह गए। छानबीन की तो घर में रखे 40 हजार रुपये नकद व करीब ढाई लाख के आभूषण चोरी थे। उसी गांव के विद्याशंकर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार रात मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने आठ हजार रुपये व करीब एक लाख के आभूषण पार कर दिया।

### कुंडा थाना क्षेत्र में चोरों ने नकदी और जेवरात चुराए

**कुंडा, प्रतापगढ़।** छत के सहारे घर में घुसे चोरों ने नकदी और जेवरात समेत हजारों का सामान समेट लिया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।गुरुवार रात कुंडा थाना क्षेत्र के करीम नगर चैंसा का पवन कुमार प्रजापति और उसकी पत्नी माधुरी कमरे में सो रही थी। उसकी मां प्रेमा देवी नेत्र शिविर में रोगियों की सेवा करने गई थी। चोर छत के सहारे घर में घुस गए। कमरे का ताला तोड़कर हजारों रुपये नकदी, सोने व चांदी के जेवरात, कपड़े, बर्तन आदि समेट लिया। घटना की जानकारी पवन को शुक्रवार सुबह सोकर उठने पर हुई। पवन ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

## खेत की बाड़ में प्रवाहित करंट से किसान की मौत

**सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले कर पीएम के लिए भेजा**

**प्रतापगढ़।** छुट्टा मवेशियों से फसलों को बचाने के लिए खेत के चारों तरफ लगाई गई बाड़ के तार में अवैध रूप से दौड़ाए गए करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पट्टी थाना क्षेत्र के सरमा के रामयश के बेटे गिरजा शंकर यादव (36) का शव शुक्रवार सुबह घर से कुछ दूर राम प्रसाद यादव के मटर के खेत के चारों तरफ लगी बाड़ के तार से औंधे मुंह लिपटा पड़ा मिला। बाई आंख पर बिजली का करंट लगने से जलने का निशान पड़ा था। आंख के ऊपर भौंह के पास झुलसने के कारण फफोले पड़कर फूट गए थे। परिजनों का आरोप है कि जिस जगह शव पाया गया उसके मालिक ने अपने खेत के चारों तरफ तार की बाड़ लगाकर करंट दौड़ा दिया था। गिरजा शंकर इस बात से अनजान था और करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पट्टी थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह व पृथ्वीगंज चैकी इंचार्ज चंद्रशेखर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद सीओ प्रभात कुमार ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन की।बटाई पर की थी गन्ने की खेती रू मृतक के पिता रामयश ने बताया कि उसके परिजनों ने आरोपित रामप्रसाद यादव के खेत में बटाई पर गन्ने की खेती की थी। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे मृतक के भतीजे आजाद व लल्लू खेत की तरफ गए तो गिरजा का शव देख कर मुंह से चीख निकल पड़ी। शोर मचाया तो परिजन व गांव वाले जुट गए।

## युवक का खून से लथपथ मिला शव

**परिजनों ने गांव के तीन युवकों पर हत्या कर अस्पताल में शव फेके जाने का लगाया आरोप**

**कौशांबी।** बीती रात एक युवक का खून से लथपथ शव गांव के बाहर मिला परिजनों का आरोप है कि गांव के ही 3 लोगों ने उसे बुलाया था शराब पिलाने के बाद उसकी ईट पत्थर से सिर कूच कर हत्या कर दी और फिर शव को एंबुलेंस में लादकर जिला अस्पताल छोड़ दिया इसके बाद युवक अस्पताल से फरार हो गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया जानकारी होने पर परिजन पहले घटनास्थल गए इसके बाद जिला अस्पताल पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह ने बताया एक व्यक्ति को रात में एंबुलेंस से जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली इलाके के मलाक पिंजरी निवासी नथन लाल (30) को बीतीरात गांव के ही तीन लोग उसे घर से बुला ले गए। मृतक के बड़े भाई पप्पू का आरोप है कि गांव के ही तीन युवक घर से उसे शाम को अपने साथ बुला लेकर गए थे। इसके बाद उसे खूब शराब पिलाई और जब वह शराब के नशे में धुत हो गया तो ईट पत्थर से चेहरा कूच कर हत्या कर दी गई। उसके गले में भी गंभीर चोट के निशान हैं। मृतक के भाई पप्पू ने यह भी बताया कि उसे एक एंबुलेंस में लादकर तीनों लोग जिला अस्पताल छोड़ दिए। फिर वहां से भाग निकले जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी जब उन्हें मिली तो वह अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने घटना की जानकारी मंझनपुर कोतवाली पुलिस को भी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा लिख कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



जिला अस्पताल में लाश छोड़कर भागे

### खेत की ओर गयी विवाहिता से छेड़खानी

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर चौकी अंतर्गत एक गांव में शाम के समय पड़ोसी युवक ने शौच क्रिया से घर वापस आ रही विवाहिता के साथ जबरन दुराचार करने की कोशिश करते हुए पीछे से पकड़ कर महिला को जमीन पर गिरा दिया। महिला के साथ अश्लील हरकत करते हुए जंगल की ओर खींचने लगा। महिला के शोर मचाने पर गांव के कई लोग मौके पर पहुंच गए। पड़ोसी युवक जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर विवाहिता का पति पहुंच गया पति को मामले की जानकारी दिया। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस में दी गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं किया ।स्थानीय गांव की एक विवाहिता 6 जनवरी की शाम 7:00 बजे जंगल से शौंच क्रिया के बाद घर वापस आ रही थी।



ट्रैक्टर से मासूम की जान जाने के बाद घटनास्थल पर जमा भारी भीड़

### ट्रैक्टर चालक ने ली मासूम बच्ची की जान

**ट्रैक्टर के कुचलने से मौके पर ही हुई बच्ची की दर्दनाक मौत**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम काकराबाद में सरकारी कोटे का राशन लाद कर ग्राम के अन्दर तेज रफ्तार से जा रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बालिका की मौत हो गई है हादसे के बाद ग्रामीणों ने चालक को पकड़ लिया है और पुलिस के हवाले कर दिया है पुलिस ने बच्ची की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक वैष्णवी देवी उम्र लगभग 3 वर्ष पुत्री करन प्रजापति घर के बाहर खेल रही थी इसी बीच सरकारी कोटे का राशन लादकर जा रहा ट्रैक्टर चालक ने बच्ची को रौंद दिया है जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गयी घटना ग्राम के अन्दर तेज रफ्तार से हुई है जिससे ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक अविनाश कुमार पाण्डेय को पकड़ लिया है और उसकी खातिरदारी करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया मौके पर कोखराज एसओ प्रदीप कुमार राय ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रैक्टर को राशन सहित पुलिस ने कब्जे में लेकर मुकदमा लिख कर कार्यवाही का अस्वासन दिया।

### क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में हर्ष फायरिंग, एफआईआर

**रानीगंज।** क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घघाटन मैच में आयोजको द्वारा की गई हर्ष फायरिंग को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए आयोजक के विरुध्द एफ आई आर दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को अमापुर बर्रा के बाही पुर मैं क्रिकेट मैच के उद्घाटन मैच मैं जमकर फायरिंग की गई।इसकी जानकारी मिलने पर आयोजक के खिलाफ रानीगंज कोतवाली में एफ आई आर दर्ज कर ली गयी। मामले की सच्चाई खगालने के लिए थानाध्यक्ष मनोज तिवारी ने पुलिस टीम गठित की है। बात दें कि क्रिकेट के उद्घाटन मैच में राइफल से अंधाधुंध फायरिंग की गई थी, जिसमें फायरिंग करने वाले व्यक्ति को चिन्हित किया गया था ।इस प्रकरण में टूनामेंट के आयोजक उमाशंकर सरोज को नामजद करते हुए कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएचओ मनोज तिवारी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश डाली किन्तु आरोपी घर छोड़ कर फरार हो गए है।

## जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी महिला सभा का आयोजन संपन्न

**प्रतापगढ़।** विकासखंड सांगीपुर के ग्राम सभा कटेहटी में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के महिला सभा का आयोजन पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसका संचालन पार्टी की जिला उप सचिव श्रीमती प्रभावती धुरिया ने किया ।बैठक में जिला अध्यक्ष द्वारा पार्टी के उद्देश्यों एवं माननीय रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया जी की कार्यशैली एवं सेवा नीतियों के विषय में बैठक में उपस्थित सभी महिलाओं को अवगत कराया गया ।बैठक में जिला महासचिव वासिनी विश्वकर्मा ने महिलाओं से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पार्टी से जुड़े और अपने जनसत्ता दल परिवार को आगे बढ़ाएंजिला अध्यक्ष वन्दना उपाध्याय द्वारा पार्टी का विस्तार करते हुए कलावती एवं लीलावती को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया बैठक में मुख्य रूप से जिला कार्यकारिणी सदस्य कुसुम राठौर कलावती किरण धुरिया अफरोज बानो कृष्णावती यादव मीना वर्मा कमलेश कोरी गीता कोरी रामपति यादव एवं जनसत्ता दल परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता पवन वर्मा सतीश कुमार वर्मा समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी महिला सभा का आयोजन में शामिल

## भू स्वामित्व घरौनी के चल रहे सर्वे में तेजी लाने का डीएम ने दिया निर्देश

**जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों से कहां कि स्वामित्व योजना से कोई भी मजरा छूटने न पाये**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में भू-स्वामित्व (घरौनी) योजना के चल रहे सर्वे कार्यक्रम के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि भू-स्वामित्व योजना (घरौनी) के चल रहे सर्वे कार्यक्रम में तेजी लायें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी मजरा भू-स्वामित्व के कार्य से छूटने न पाये। जिलाधिकारी ने ग्राम सचिवों को सम्बन्धित गांव एवं मजरों में चूना डलवाये जाने का निर्देश दिया है, जिससे ड्रोन द्वारा आबादी क्षेत्र का मानचित्र तैयार किये जाने एवं फोटो लिए जाने में कोई परेशानी न हो। उन्होने कहा कि सभी सेक्रेटरी अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित लेखपालों को सहयोग प्रदान करें, जिससे कार्य में तेजी लाते हुए घरौनी कार्यक्रम को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि गांवो के आबादी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को दी जाने वाली घरौनी (ग्रामीण आवासीय अभिलेख) में उनकी आवासीय सम्पत्ती का पूरा व्यौरा दर्ज होगा जिससे अवैध कब्जे को लेकर झगड़े फसाद की गुंजाइश नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को मिलने वाली घरौनी में सम्पत्ति के स्वामी के जिले, तहसील, ब्लाक, थाना और ग्राम पंचायत का नाम दर्ज होगा, ग्राम कोड और गांव के नाम के साथ इसमें सर्वेक्षण वर्ष भी अंकित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी श्री मनोज, तीनों तहसीलों के उपजिलाधिकारीगण, जिला पंचायत राज अधिकारी गोपाल जी ओझा, ब्लॉकों के खण्ड विकास अधिकारी एवं सेक्रेटरी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



भू-स्वामित्व (घरौनी) योजना सर्वे कार्यक्रम की बैठक में बोलते जिलधिकारी

### ढाई करोड़ की लागत से बनेगा डिस्टिक पंचायत रिसोर्स सेंटर

**टेवां कौशाम्बी।** जिला पंचायत सदस्य साजन मौर्य के प्रयास से डिस्टिक पंचायत रिसोर्स सेंटर का निर्माण दो करोड़ पचास लाख की लागत से कौशांबी जिला जेल के पीछे शुरू हो चुका है जिला पंचायत सदस्य साजन मौर्य के प्रयासों की एवं क्षेत्र के चहुमुखी विकास सामाजिक भाईचारे शोषित पीड़ित वंचित असहाय लोगों की सेवा करते रहने की क्षेत्रवासी प्रशंसा कर रहे हैं जिला पंचायत सदस्य साजन मौर्य के द्वारा कोरोना काल लॉकडाउन के समय में अपने क्षेत्रवासियों के सुख दुख में खड़े रहने व कोविड-19 महामारी के दौरान भुखमरी से बचने हेतु समाज के पीड़ित असहाय लोगों के बीच पहुंचकर खाद्य सामग्री स्वयं के खर्च से पहुंचाना व सब की सेवा करते रहना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एडीजी का चढ़ा पारा, कोतवाल पर निलंबन की गाज, सीओ को चेतावनी

**प्रतापगढ़।** एडीजी प्रयागराज जोन के औचक निरीक्षण मे कोतवाली मे घोर लापरवाही को लेकर कोतवाल पर निलंबन की गाज गिरी है। वहीं सीओ पर भी नाराज एडीजी ने उनकी व्यक्तिगत पत्रावली तलब करते हुए चेतावनी निर्गत किये जाने का फरमान सुना दिया। नाराज एडीजी का पारा यहां तक चढ़ आया कि सलामी के लिए तैनात एसएसआई व दीवान समेत पुलिसकर्मियों को कोतवाली परिसर से गेट तक एक किलोमीटर लगाने की भी सजा सुना दी। फोर्स को शस्त्र के साथ दौड़ लगाता देख कोतवाली गेट पर जमा भीड़ भी सकते मे आ गई दिखी। प्रयागराज जोन के एडीजी प्रेमप्रकाश शुक्रवार को दोपहर बाद अचानक कोतवाली आ पहुंचे। एडीजी का काफिला गुजर रहा था तभी सीओ कार्यालय मे चैकीदार झाडू लगाते उन्हें दिख गये। परिसर मे जैसे ही एडीजी पहुंचे उन्हें सलामी पेश की गई। सलामी के मानक पर एडीजी के सामने मातहत खरे नही उतर सके। नाराज एडीजी प्रेमप्रकाश ने एसएसआई रामअधार यादव तथा दीवान ज्ञानचंद्र तिवारी समेत सलामी मे लगे पुलिसकर्मियों को थाना परिसर से गेट तक एक किलोमीटर दौड़ लगाने की सजा सुना दी। निरीक्षण मे मौजूद एडिशनल एसपी पश्चिमी दिनेश द्विवेदी को इन्हें दलेल की सजा के साथ प्रशिक्षण कराए जाने के निर्देश दिये। एडीजी ने महिला हेल्प डेस्क तथा कोविड केयर सेंटर को बरामदे मे संचालित हुआ देखा तो उनका पारा चढ़ आया। कोतवाल संजय यादव से सवाल किया कि जब बजट अवमुक्त है तो महिला हेल्प डेस्क को अलग से क्यूं नही तैयार कराया गया। महिला हेल्प डेस्क मे नियमित शिकायतो को भी दर्ज न देख वह बिफर पडे। यही हाल कोविड केयर सेंटर मे दिखी। बुखार मापक यंत्र खुद एडीजी ने परीक्षण कराया तो वह फेल्योर पाया गया। वहीं कोविड केयर सेंटर मे मास्क तथा अन्य एहतियाती प्रबन्ध भी एडीजी को नदारद मिला। अभिलेखो के निरीक्षण मे भी एडीजी प्रेमप्रकाश ने पैनी नजर डाली तो शुक्रवार को कोतवाली से निकली पुलिस डयूटी अंकित नही थी। यही नही महिलाओं से जुडी शिकायते सामान्य जनशिकायतों के अभिलेख मे भी दर्ज मिली। कई शिकायतो के निस्तारण आख्या पर कोतवाल की टिप्पणी भी कहीं अंकित नही दिखी। निरीक्षण पुस्तिका पर एएसपी तथा सीओ के हस्ताक्षर नही मिले। इससे भी अपर पुलिस महानिदेशक खासे नाराज दिखे। परिसर मे गंदगी का आलम देख तो एडीजी प्रेमप्रकाश का गुस्सा सातवें आसमान पर आ पहुंचा। कोतवाली मे सीज वाहनो पर गंदगी का आलम था। यह सब देख नाराज एडीजी ने कोतवाल को लापरवाही का जिम्मेदार ठहराते हुए फौरन निलंबन का फरमान सुना दिया। कोतवाल संजय यादव निलंबन को लेकर गिडगिडाते जरूर दिखे पर एडीजी के गुस्से पर कोई असर नही पड़ा। सीओ की तरफ भी एडीजी की भृकुटी तब तन गई जब विवेचनाओं का अंबार देख पर्यवेक्षण मे लापरवाही पर वह सवाल जबाब करने लगे। सीओ कार्यालय मे भी गंदगी देख नाराज एडीजी बोले, ..... तो वहां पशुशाला बनवा रखा है। कमी इतनी है कि कुछ मवेशी भी वहां इकटठा कर लो। सीओ से तैनाती की कार्यावधि पूंछी तो सकपकाये सीओ जगमोहन ने ग्यारह महीने बताई।




कोतवाली लालगंज में अभिलेखों तथा विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते एडीजी प्रेमप्रकाश

## दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीटा

**कौशांबी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के किशुनपुर अंबारी गांव में दबंगों का तांडव देखने को मिल रहा है। गांव के सहेनुमा व उनके परिवार के लोगों का पड़ोस के ही कुछ दबंगों से पुरानी रंजिश है। जिसे लेकर आए दिन गाली-गलौच होती रहती है। पीड़ित परिजनों का कहना है कि महीने भर पहले दबंगों ने उसे व उसके परिवार वालों को मारा पीटा था। उसकी थाने में शिकायत की गई थी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। कल पीड़िता का भतीजा अपनी बाइक की सर्विसिंग कराने एक दुकान गया था। जहां पर गांव के दबंग आए और लोगों ने उसे लाठी डंडे से बेरहमी से पीटा, जिसकी थाने में शिकायत की गई। चौकी में मारपीट की शिकायत की गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बल्कि विपक्षियों के साथ मिल गए, और बीती रात तकरीबन 11:30 बजे चौकी इंचार्ज शराब के नशे में धुत होकर गांव पहुंचे और सहेनुमा के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। घर की महिलाओं ने विरोध किया तो उनके साथ बदसलूकी की। इतना ही नहीं चौकी इंचार्ज हमराहियों के साथ सबमर्सिबल भी गए। जहां पर मोइनुद्दीन व अनीश सो रहे थे। उन लोगों के साथ बेरहमी से मारपीट की। जिससे उनको चोटें आई। पीड़ित परिजनों ने अपर पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की। उन्होंने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।